प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.06.2022


# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

➡ **जुमे की नमाज के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त**

➡ **सभी मस्जिदों पर मजिस्ट्रेट सहित पर्याप्त पुलिस बल की लगायी गयी ड्यूटी**

➡ **समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से किया जा रहा वार्तालाप**

➡ **शांति व सद्भाव बनाए रखने कि की जा रही अपील**

➡ **सोशल मीडिया पर लगातार शरारती तत्वों पर रखी जा रही पैनी नजर अफवाह/भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध की जाएगी सख्त कार्यवाही**

आज दिनांक 17.06.2022 को जुमे की नमाज के दृष्टिगत सभी मस्जिदों पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदों पर जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है, समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की जा रही है किसी भी सूचना पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दें, पुलिस चुस्ती व मुस्तैदी से अपना काम करेगी पुलिस द्वारा हर कार्रवाई बिना किसी भेदभाव के अमल में लाई जाएगी।

जनपदीय मीडिया सेल टीम द्वारा भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, साथ ही आमजन से अपील की जा रही है कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की जरूरत नहीं है, महोबा पुलिस शांति व सद्भाव बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी संगम कुमार द्वारा यातायात नियमों को जानने,पालन करने हेतु छात्र-छात्राओं/अभिभावकों को शपथ दिलाई गई एवं UPCOP APP के बारे में जानकारी प्रदान कर किया गया जागरूक।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम के पर्यवेक्षण में प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी संगम कुमार द्वारा आज दिनांक **16.06.2022** को थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत आमजन से संवाद स्थापित कर सभी को यातायात नियमों को जानने,पालन करने हेतु छात्र-छात्राओं/अभिभावकों को शपथ दिलाई गई एंव “मिशन शक्ति” अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से महिलाओं व बालिकाओं को **1090-** वीमेन पॉवर लाइन, **181-** महिला हेल्प लाइन, **108-** एम्बुलेंस सेवा, **1076–** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, **112-**पुलिस आपातकालीन सेवा, **1098-** चाइल्ड लाइऩ, **102-** स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी गई तथा साथ ही साथ **UPCOP APP** व साइबर क्राइम के बारें में विस्तार से जानकरी देकर जागरूक किया गया।





## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में शांति एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।




आज दिनांक **17.06.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रो में संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर 59 ई-चालान किये गये।




